अजीत समाचार 20-5-2025

जीएमएन कालेज में स्टार्टअप्स की सफलता के लिए मेंटरिंग पर सैमिनार का हुआ सफल आयोजन



स्टार्टअप्स की सफलता के लिए मेंटरिंग पर अपने विचार रखते हुए डॉ. अनिल जैन।

अम्बाला कैंट, 19 अप्रैल (अग्रवाल): गांधी मैमोरियल नेशनल कालेज अम्बाला छावनी में प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आईईडीसी और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा स्टार्टअप्स की सफलता के लिए मेंटरिंग पर सैमिनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए गाइड करना और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाना था। प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि स्टार्टअप्स का संचालन करना और उन्हें सफल बनाना आजकल एक बड़ा चुनौती पूर्ण काम है। इस क्षेत्र में समझदारी और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है और यहां मेंटरिंग का महत्व उत्कृष्ट होता है। मेंटर्स उद्यमिता के अनुभव को सांझा करते हैं, नए विचारों को प्रोत्साहित करते हैं और सफलता के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान करते हैं। इस सैमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर अम्बाला के प्रसिद्ध उद्योगपति डॉ. अनिल जैन, जोकि सेंटर आफ़ एक्सीलेंस से जुड़े हैं, ने शिरकत की। उन्होंने अपने अनुभवों के साथ स्टार्टअप्स के लिए मेंटरिंग के महत्व को बड़े ही ज्ञानवर्धक ढंग से सांझा किया।

कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापिका नीलम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सैमिनार निश्चित तौर पर विद्यार्थियों को स्टार्टअप्स के लिए मेंटरिंग की महत्ता को समझने और उन्हें सफल एंटरप्रेन्योर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिससे कि हमारे उभरते हुए एंटरप्रेन्योर्स अपने व्यवसाय माडल को विकसित करने, उत्पादन या सेवाओं को बाजार में प्रदर्शित करने, वित्तीय नियोजन और प्रबंधन की जटिलताओं का सामना करने में मदद प्राप्त करेंगे और सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। सैमिनार मे मंच संचालन उदय प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। तो वही धन्यवाद प्रस्ताव प्राध्यापिका सुषमा के द्वारा प्रेषित किया गया। इस कार्यक्रम में सुजाता गोयल, डॉ. सीमा कंसल एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद रहे।